प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

11.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00बजे

हिमाचल दिवस

हिमाचल दिवस का राज्य स्तरीय समारोह 15 अप्रैल को इस बार चंबा ज़िले के पांगी में आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इसके अलावा उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मंडी, स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल धर्मशाला, कृषि मंत्री चंद्र कुमार ऊना, उद्योग मंत्री हर्ष वर्धन चौहान सोलन, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी केलंग, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर नाहन, ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह शिमला, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह कुल्लू और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी रिकांगपिओ में ज़िला स्तरीय समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इसके अतिरिक्त पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष आर.एस. बाली हमीरपुर और विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार बिलासपुर में ज़िला स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।

भाजपा–अम्बेदकर

संविधान निर्माता डॉक्टर भीम राव अम्बेदकर की जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेश भाजपा 13 से 25 अप्रैल तक सम्मान अभियान कार्यक्रम चलाएगी। इसे लेकर कल शिमला में राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश भाजपा महासचिव बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान अनेक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी और 14 अप्रैल को हर मंडल में भाजपा कार्यकर्ता डॉक्टर भीम राव अम्बेदकर को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

पद्म पुरस्कार

पद्म पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन इस वर्ष 31 जुलाई तक खुले हैं। पुरस्कार विजेताओं के नाम गणतंत्र दिवस 2026 को घोषित किए जाएंगे। नामांकन की प्रक्रिया 15 मार्च से प्रारंभ हो चुकी है। गृह मंत्रालय ने बताया है कि पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और अनुशंसाएं केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी। पद्म पुरस्कार पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं। ये पुरस्कार 'उल्लेखनीय कार्य' को मान्यता देने के लिए प्रदान किए जाते हैं और कला, साहित्य व शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान और इंजीनियरिंग, लोक प्रशासन, सिविल सेवा, व्यापार व उद्योग जैसे सभी क्षेत्रों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों के लिए दिए जाते हैं।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर प्रदेश के विकास को ताला लगा दिया है। चंबा में एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि प्रदेश में जैसी आर्थिक बदहाली आज है वैसी कभी नहीं आई। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेशवासियों ने कांग्रेस सरकार को काम के लिए चुना लेकिन अब ऐसा महसूस हो रहा है कि कांग्रेस सरकार काम करने नहीं बल्कि चल रहे कार्यों को बंद करने के लिए सत्ता में आई है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अनेक भागों में आज दोपहर भारी वर्षा के साथ ओलावृष्टि हुई। पिछले 24 घंटों के दौरान सिरमौर, शिमला और मंडी जिला के कई इलाकों में वर्षा, ओलावृष्टि व तेज हवाएं चलने से सेब, मटर और गुठलीदार फलों सहित अन्य फसलों को नुकसान पहुंचा है।

अग्निवीर

ऊना, हमीरपुर व बिलासपुर के युवाओं के लिए प्रस्तावित अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में ऑनलाईन पंजीकरण की अंतिम तिथि को 25 अप्रैल तक बढ़ा दिया गया है। सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के निदेशक कर्नल बी.एस. भंडारी ने कहा कि इच्छुक अभ्यर्थी भारतीय सेना की अधिकारिक वैबसाईट ज्वाइन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन पर 25 अप्रैल तक ऑनलाईन पंजीकरण कर सकते हैं।

———————————